समाचार

वार्डो में लगाए जाएंगे दिशा सूचक बोर्ड

(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आवश्यक कार्यवाही करने अधिकारियों को दिए निर्देश)

कोरबा 07 जुलाई 2015 —नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के समस्त 67 वार्डो में दिशा सूचक एवं वार्ड की आवश्यक जानकारी प्रदर्शित करने वाले बोर्ड निगम द्वारा लगाए जाएंगे। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इस संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए है।

निगम क्षेत्र के समस्त 67 वार्डो में दिशा सूचक एवं वार्ड की आवश्यक जानकारियों के बोर्ड लगाए जाने की कार्यवाही निगम द्वारा की जाएगी। वार्डो में स्थित आवासीय कालोनियों, आवासगृहों तथा प्रमुख स्थलों की जानकारी बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित हो ताकि आमनागरिकों एवं बाहर से आने वाले आगन्तुकों को वार्ड एवं वहां पर स्थित आवासों व प्रमुख स्थलों की जानकारी सुगम रूप से प्राप्त हो सके, इसके मद्देनजर महापौर की अध्यक्षता में विगत दिनों सम्पन्न हुयी निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि निगम के समस्त 67 वार्डो में स्थित आवासीय कालोनियों, मुख्य मार्गो, चौक चौराहों, व्यवसायिक परिसरों, ग्रामो, बस्तियों एवं मोहल्लों आदि में आवश्यकतानुसार बोर्ड स्थापित किए जाए। उक्त बोर्ड में वार्ड पार्षद का नाम, वार्ड का नाम एवं उसका क्रमांक ,संबंधित स्थल, ग्राम, आवासीय कालोनियों में स्थित आवासों के क्रमांक तथा वार्ड, बस्ती आदि में स्थित विशिष्ट पहचान वाले स्थल आदि की जानकारी के साथ उन तक पहुंचने दिशा सूचक चिन्ह, जिला एवं राज्य का नाम आदि जानकारियां अंकित की जाए। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एम.आई.सी. द्वारा लिये गए उक्त निर्णय के परिपालन में वार्डो में बोर्ड लगाए जाने के संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही संपादित कराए।

निर्माण स्थलों पर लगेगें जानकारी के बोर्ड— महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि एम.आई.सी. द्वारा पूर्व में लिये गये निर्णय के अनुसार निगम द्वारा वार्डो में संपादित कराए जाने वाले विकास एवं निर्माण कार्यो के कार्यस्थलों पर भी कार्य के संबंध में समग्र जानकारी प्रदर्शित करने वाले बोर्ड कार्य संपादन के दौरान लगाए जाएं। उक्त बोर्ड में वार्ड का नाम एवं क्रमांक, निर्माण कार्य का नाम, निर्माण कार्य की लागत, निर्माण एजेंसी, ठेकेदार, भागीदार आदि के नाम तथा मोबाईल नम्बर सहित अन्य संबंधित जानकारियां अंकित की जाए। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जिन वार्डो में सफाई का कार्य ठेके पर कराया जा रहा है, उन वार्डो में सफाई व्यवस्था से संबंधित जानकारी प्रदर्शित करने वाले बोर्ड भी लगाए जाए, उक्त बोर्ड में वार्ड क्र, वार्ड का नाम, सफाई ठेकेदार का नाम, ठेके की लागत राशि, ठेकेदार का मोबाईल नम्बर आदि को अंकित किया जाए।

संपादकब्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)